उत्तर प्रदेश शासन

आयुष अनुभाग-1

संख्या- 3/4677/71-आयुष-1-2014-379/2014

लखनऊ : दिनांक 12 जनवरी, 2014

<u>कार्यालय-ज्ञाप</u>

अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि लोक सेवा आयोग, उ0प्र0, इलाहाबाद के पत्र संख्या-273/60/डी0आर0/एस-11/2006-07 दिनांक 25 नवम्बर, 2014 द्वारा किये गये चयन की संस्तुति के आधार पर श्री राज्यपाल महोदय उ0प्र0 राजकीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी शिक्षा सेवा संवर्ग के अन्तर्गत डा0 नजीब हन्जला अम्मार पुत्र श्री नजीब आमिर अम्मार, बी-1710/8, जी0टी0बी0 नगर, करैली, इलाहाबाद, उ0प्र0 को वेतनमान रू0 15,600-39,100 ग्रेड वेतन रू0-7600 में प्रोफेसर, हिफज़ाने सेहत के पद पर राजकीय यूनानी मेडिकल कालेज एवं चिकित्सालय, इलाहाबाद में निम्नलिखित शर्तो के अधीन अस्थायी रूप से नियुक्त किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

(1) उक्त अभ्यर्थी को राजकीय यूनानी मेडिकल कालेज एवं चिकित्सालय, इलाहाबाद में संबंधित प्रधानाचार्य के अधीन तैनात किया जाता है।

(2) उक्त अभ्यर्थी के चरित्र सत्यापन तथा स्वास्थ्य परीक्षण रिपोर्ट में यदि किसी प्रकार के प्रतिकूल तथ्य पाये जाते हैं तो उनकी नियुक्ति निरस्त कर दी जायेगी।

(3) नियुक्त अभ्यर्थी को उक्त वेतनमान में वेतन के अतिरिक्त समय-समय पर जारी शासनादेशों के अन्तर्गत अनुमन्य मंहगाई भत्ता तथा अन्य भत्ते आदि भी देय होंगे।

(4) वित्त (सामान्य) अनुभाग-3 की अधिसूचना संख्या-सा-3-379/दस-2005-301(9)/2003, दिनांक 28 मार्च, 2005 द्वारा लागू नवपरिभाषित अंशदान पेंशन योजना लागू प्रवृत्त होगी।

(5) उक्त अभ्यर्थी पर उ0प्र0 राज्य आयुर्वेदिक और यूनानी महाविद्यालय अध्यापको की सेवा नियमावली, 1990 एवं संशोधित नियमावली, 2008 में उल्लिखित प्राविधान लागू होंगे।

(6) राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय जहॉ नवनियुक्त अभ्यर्थी को कार्यभार ग्रहण करना है, वह एक माह के भीतर अपने पद का कार्यभार ग्रहण कर लें इस अवधि के भीतर वह अपनी तैनाती के महाविद्यालय के प्रधानाचार्य के समक्ष उपस्थित होंगे तथा नीचे प्रस्तर-8 में अंकित सभी प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करेंगे। यदि वह इस अवधि के भीतर अपनी तैनाती के स्थान पर अपनी योगदान की सूचना नहीं देते है तो उनका अभ्यर्थन एवं नियुक्ति आदेश स्वत: समाप्त हो जायेगा।

(7) नियुक्ति स्थान पर कार्यभार ग्रहण करने हेतु अभ्यर्थी को किसी प्रकार का यात्रा भत्ता आदि देय न होगा।

(8) कार्यभार ग्रहण करने के पूर्व संबंधित अभ्यर्थी को निम्न प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने होंगे:-

1- 02 ऐसे राजपत्रित अधिकारियों जो सक्रिय सेवा में हो और उनसे पूर्ण रूप से परिचित हो, किन्तु उनके संबंधी न हो, से अच्छे चरित्र का प्रमाण-पत्र।

shasanadesh.up.nic.in

2- अभियोजन न चलाये जाने तथा मा0 न्यायालय द्वारा दण्डित न किये जाने के संबंध में एक शपथ-पत्र।

3- उ0प्र0 भारतीय चिकित्सा परिषद द्वारा दिये गये स्थायी पंजीकरण की 02 प्रमाणित प्रतियां।

4- एक से अधिक जीवित पत्नी न होने का प्रमाण-पत्र।

5- ओथ आफ एलीजियन्स का प्रमाण-पत्र।

6- गोपनीयता का प्रमाण-पत्र।

7- चल तथा अचल सम्पत्ति का प्रमाण-पत्र।

(9) उक्त अभ्यर्थी की ज्येष्ठता सुसंगत नियमों एवं लोक सेवा आयोग से प्राप्त श्रेष्ठता क्रम के आधार पर बाद में निर्धारित की जायेगी।

अरविन्द कुमार
प्रमुख सचिव।

संख्या-3/4677(1)/71-आयुष-1-2014 तदद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।

2- निदेशक, यूनानी सेवाएं, उ0प्र0, लखनऊ।

3- उप सचिव, लोक सेवा आयोग, उ0प्र0, इलहाबाद को उनके पत्र संख्या-273/60/डी0आर0/एस-11/2006-07 दिनांक 25 नवम्बर, 2014 के संदर्भ में सूचनार्थ प्रेषित।

4- निदेशक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री, उ0प्र0, इलाहाबाद को गजट में प्रकाशनार्थ।

5- वरिष्ठ कोषाधिकारी, इलाहाबाद।

6- प्रधानाचार्य, राजकीय यूनानी मेडिकल कालेज एवं चिकित्सालय, इलाहाबाद को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि डा0 नजीब हन्जला अम्मार, रीडर को नियमानुसार कार्यमुक्त करते हुए उन्हें प्रोफेसर के पद पर प्रस्तर-8 में उल्लिखित अभिलेखों को प्राप्त करके योगदान करायें तथा योगदान रिपोर्ट शासन को एक सप्ताह में प्रेषित करने का कष्ट करें।

7- डा0 नजीब हन्जला अम्मार पुत्र श्री नजीब आमिर अम्मार, बी-1710/8, जी0टी0बी0 नगर, करैली, इलाहाबाद, उ0प्र0(रजिस्टर्ड डाक से)।

8- गार्ड फाइल

आज्ञा से,

(नीलेश कुमार सिंह)
अनु सचिव।

shasanadesh.up.nic.in

shasanadesh.up.nic.in